हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


तापमान

अधिकतम 40 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री


3 किसानों ने मंदिर की परिक्रमा कर हल चलाकर की 5 मुट्ठी धान की बुवाई, मनाया कठोरी पर्व




## खबर संक्षेप

### जल वाहिनियों का रिफ्रेशर प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत वाटर क्वालिटी एवं सर्विलांस (एफटीके) विषय पर जल वाहिनियों का चौथा रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखंड खड़गवां के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पेंड्री, बोडेमुड़ा, रतनपुर, कोचका, बेल्कामर, गिधमुड़ी, लकरापारा, कटकोना, मंगोरा एवं उधनापुर में चरणबद्ध रूप से संपन्न हुआ। इसमें काफी संख्या में जल वाहिनियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्हें पानी में उपस्थित विभिन्न रासायनिक एवं भौतिक तत्वों की जांच, मानकों की पहचान तथा परीक्षण के परिणामों का सही विश्लेषण करने की विधियों से अवगत कराया गया।

### बाल किशोरी को सुन भाव विभोर हुए श्रोता

**अनूपपुर।** प्रदेश के मुखिया डॉ.मोहन यादव सोमवार को श्री नर्मदे हर सेवा न्यास अमरकंटक के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय भगवत शरण माथुर जी के जयंती अवसर पर विचार गोष्ठी विषय पंच परिवर्तन का आयोजन हुआ। इस दौरान पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक प्रस्तुतियों का भव्य आयोजन किया गया। इसमें कोयलांचल क्षेत्र जमुना कोतमा की बाल कथा वाचक प्रसिद्ध भजन गायिका 12 वर्षीय उन्नति मिश्रा द्वारा भजन गायन एवं मोटिवेशनल स्पीच प्रस्तुत किया।

### विद्युत चोरी रोकने जांच अभियान

**अनूपपुर।** विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता के निर्देशानुसार जैतहरी वितरण केन्द्र के अंतर्गत विद्युत के अवैध उपयोग के विरूद्ध विशेष सघन जांच अभियान चलाया गया है,इसका मुख्य उद्देश्य विद्युत चोरी को रोकना और राजस्व की क्षति को कम करना था,विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने जैतहरी के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 155 परिसरों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान 30 परिसरों में विद्युत उपयोग संबंधी अनियमितताएं पाई गईं, इस पर संबंधित उपभोक्ताओं के विरूद्ध विद्युत अधिनियम के तहत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई।

### मनाई गई डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती



**अनूपपुर।** भारत रत्न प्राप्त डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर संभागीय मुख्यालय के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर उत्साह, उमंग और गरिमामय ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता, कलेक्टर डॉ.केदार सिंह,सदस्य जियोस श्रीमती अमिता चपरा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने डॉ. अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमिता चपरा ने कहा कि भारतीय संविधान निर्माण में भारत रत्न डॉ.अंबेडकर का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने देश में समतामूलक समाज निर्माण के लिए भारतीय संविधान की रचना कर सबके अधिकारों की सुरक्षा की,बाबा साहब आजीवन पीढ़ितों, शोधितों एवं उपोषितों के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक व राजनैतिक सशक्तिकरण की आवाज रहे।

# पंचायत से संसद तक बढ़ेंगे अवसर, महिला जागृति शिविर में नारी शक्ति वंदन पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

शहर के मानस भवन में गुरूवार को आयोजित जिला स्तरीय महिला जागृति शिविर के तहत नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में महिला आरक्षण विधेयक पर व्यापक और सारगर्भित चर्चा की गई। कार्यक्रम में

**महिला आरक्षण विधेयक**

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी सहित महिला जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं ने भाग लेकर अपने विचार रखे।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि आज की महिलाएं केवल आत्मनिर्भर ही नहीं बन रही हैं, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी सशक्त बना रही हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि महिलाओं को मिले अधिकारों के साथ-साथ निर्णय लेने की क्षमता का विकास करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब पंच, सरपंच, विधायक और सांसद जैसे पदों तक पहुंच रही हैं, लेकिन सच्चा सशक्तिकरण तभी संभव है जब वे आत्मविश्वास के साथ स्वतंत्र निर्णय ले सकें। साथ ही उन्होंने महिलाओं के आर्थिक रूप से मजबूत बनने की आवश्यकता पर भी बल दिया। जिले की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. श्रीमती सुरेशा चौबे ने महिलाओं को जागरूक रहने और कानून की जानकारी रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जागरूक और सुरक्षित महिलाएं ही समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं।

कार्यक्रम में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा करते हुए महिला जनप्रतिनिधियों ने इसे ऐतिहासिक कदम बताया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो, नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर की अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे और नगर पंचायत पटना की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा लाए गए इस विधेयक का स्वागत ▶▶ शेष पेज 4 पर






मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर चंदन त्रिपाठी व महिला जनप्रतिनिधि।

# नवीन समितियों का वर्चुअल शुभारंभ



**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा नवीन समितियों का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। जिसमें नवगठित एमसीबी जिले को भी 5 नवीन समिति शामिल है।

मिली जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के ग्राम बरदर, रतनपुर, सिंघत, बंजी तथा कुंवारपुर में एलईडी के माध्यम से नवीन समितियों का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। जानकारी के अनुसार इसके पूर्व खड़गवां विकासखंड में पहले खड़गवां व कोडा जो समिति ही अस्तित्व में था अब नए समिति को मिलाकर पांच समिति हो गए, इससे कृषकों को प्रधान मंत्री फसल बीमा, बिना ब्याज के केसीसी ऋण, खाद,बीज, धान खरीदी का लाभ मिल पाएगा। पहले दो समितियों पर बढ़ते कार्यज्ञार और भौगोलिक दूरी को देखते हुए हुए लंबे समय से नई समिति बनाने जाने की मांग क्षेत्र के किसानों द्वारा उठाई जा रही थी, जो अब स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी के प्रयासों से पूरा हो गया। नए समितियां के गठन से किसानों को खाद बीज और धान खरीदी के लिए लंबी कतार और लंबी दूरी से राहत मिलेगी। नई समितियों के शुभारंभ की खबर के बाद ग्रामीणों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# निजी स्कूल संचालकों ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**बैकुण्ठपुर।** आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेशित बच्चों की फीस बढ़ोतरी को लेकर छग प्राईवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा स्कूल शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंप कर फीस बढ़ोतरी की मांग की है।

इसी मांग को लेकर छग प्राईवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा 17 अप्रैल को निजी विद्यालय संचालक के साथ शिक्षक काली पट्टी लगाकर काम कर विरोध दर्ज कराएंगे, वहीं इसके दूसरे दिन 18 अप्रैल को सभी निजी विद्यालयों को बंद रखा जाएगा। छग प्राईवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा असहयोग आंदोलन की शुरूआत कर दी है। जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को प्रदेश कार्यकारणी की बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि सभी निजी स्कूल संचालक 17 अप्रैल को काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज कराएंगे और 18 अप्रैल को निजी विद्यालय बंद रखा जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में लंबे वर्षो से आरटीई के तहत प्रवेशितों का फीस वृद्धि नहीं किया गया है, इसे लेकर निजी स्कूल संचालकों में नाराजगी है। निजी विद्यालय संचालकों के अनुसार प्रतिपूर्ति की राशि के लिए भी उन्हें बड़ी मशक्कत करना पड़ता है, तब जाकर प्रतिपूर्ति की राशि मिल पाती है।

# स्कूलों में छुट्टी से बच्चों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

दिनों दिन बढ़ रही झुलसाने वाली गर्मी को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्धारिण तिथि से पूर्व ही स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश देने के आदेश जारी किया, इससे स्कूली विद्यार्थियों को बढ़ती गर्मी में राहत मिल गई। वहीं जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि घोषित अवकाश शिक्षकों पर लागू नहीं होगा।

**■ झुलसा रही गर्मी**

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग के अवसर सचिव आरपी वर्मा द्वारा 16 अप्रैल को आदेश जारी कर कहा कि प्रदेश के समस्त, शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय शालाओं के लिए घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश में आंशिक संशोधन करते 20 अप्रैल से 16 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करता है। यह आदेश शिक्षकों के लिए लागू नहीं होगा।

उल्लेखनीय है। चालू शिक्षा सत्र के लिए जारी शैक्षणिक कैलेंडर के तहत आगामी 1 मई से 15 जून तक ग्रीष्मावकाश घोषित किया गया था, लेकिन प्रदेश में इन दिनों तेज गर्मी में लू चलने की आशंका को देखते हुए पूर्व में तय समय से 10 दिन पहले ही स्कूल शिक्षा विभाग ने ग्रीष्मावकाश घोषित कर दिया, इससे आदेश के जारी होने से बच्चों को बड़ी राहत मिल गई।

### स्कूल से दोपहर में लौटते बच्चे

इन दिनों सुबह की पाली में स्कूल संचालन होता है। सरकारी एवं निजी विद्यालयों में सुबह के समय बच्चे अपने विद्यालय पहुंचते और दोपहर में अवकाश के बाद लौटते थे। इस दौरान कई बच्चे धूम के बीच खेलते हुए घर पहुंचते थे, ऐसी स्थिति में बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ने की संभावना रहती थी। खासकर छोटे बच्चे स्कूल की छुट्टी होने के बाद तेज धूप के बीच घर लौटते थे, जिन्हें अब राहत मिल गई।

# भूमि रजिस्ट्रेशन शुल्क में 50 फीसदी की कमी का स्वागत

**मनेन्द्रगढ़।** राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा महिलाओं के नाम पर होने वाले भूमि रजिस्ट्रेशन शुल्क में 50 प्रतिशत की कमी करने के ऐतिहासिक निर्णय का जिले सहित पूरे प्रदेश में व्यापक स्वागत किया जा रहा है।

**■ महिलाओं के हित में ऐतिहासिक निर्णय**

सरकार का यह कदम महिलाओं को संपत्ति अर्जन के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। सरकार का मानना है कि इस निर्णय से अधिक से अधिक महिलाएं अपने नाम पर जमीन एवं मकान खरीदने के लिए आगे आएंगी, जिससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि परिवार और समाज में उनकी भागीदारी भी बढ़ेगी। यह पहल महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाली साबित हो सकती है। इसी क्रम में मनेन्द्रगढ़ विकासखंड की निवासी जयंती शुक्ला ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा लिए गए इस फैसले की सराहना करते हुए इसे महिलाओं के हित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के निर्णय से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने ▶▶ शेष पेज 4 पर

# विजय इंग्लिश मीडियम के होनहारों ने जीते स्वर्ण पदक

**मनेन्द्रगढ़।** शैक्षणिक उत्कृष्टता और प्रतिभा के लिए प्रतिष्ठित विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल मनेन्द्रगढ़ के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर राष्टीय स्तर पर अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। प्रतिष्ठित इंडियन टैलेंट ओलंपियाड के दो चरणों की (जोनल और राज्य स्तरीय) आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए छात्रों ने राज्य स्तरीय रैंकिंग में गोल्ड मेडल और स्टेट टॉपर के रूप में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में स्कूल के छात्रों ने अपनी मेहनत से विद्यालय और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। दीपाली जैन उत्कृष्टता पुरस्कार एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित, धैर्य साहू राज्य स्तर पर शीर्ष स्थान स्टेट टॉपर प्राप्त कर परचम लहराया। मुहम्मद आलिफ तरागी कक्षा टॉपर क्लास टॉपर के रूप में स्वर्ण पदक, कृतार्थ सिंह अपनी कक्षा में प्रथम स्थान क्लास टॉपर प्राप्त किया। आकर्ष गुप्ता कक्षा स्तर पर शीर्ष प्रदर्शन क्लास टॉपर और नयन दीप



बंजारे ने कक्षा टॉपर क्लास टॉपर बनकर सफलता हासिल की। छात्रों की इस गौरवशाली उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या इंद्रा सेंगर ने सभी विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि इन छात्रों ने न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे मनेन्द्रगढ़ का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर संस्था सचिव संजय सेंगर ने इंडियन टैलेंट ओलंपियाड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं।

### विद्यार्थियों ने जिले को प्रदेश में किया गौरवान्वित

**अनूपपुर।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी के कक्षा दसवीं में अध्यनरत योगेन्द्र सिंह परमार ने माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के मेरिट सूची में तृतीय स्थान हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है। इस क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाणसागर में अध्यनरत कुमारी अनामिका कुशवाहा ने कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में मेरिट सूची में दसवां स्थान हासिल किया। कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में शासकीय सांदीपनि उमावि जयसिंहनगर में अध्यनरत कुमारी दीक्षा मिश्रा ने गणित समूह में प्रदेश के मेरिट सूची में अपना दसवां स्थान हासिल किया।

**प्रकृति के दो रंग...**



**बैकुण्ठपुर।** जिले के जंगलों में विभिन्न तरह के पेड़-पौधे अपने पुराने पत्तों को झड़ा दिए और नए पत्ते निकल आए हैं, लेकिन सागौन प्लांटेशन में पतझड़ चल रही है, इसके चलते प्रकृति के दो रंग देखने को मिल रहे।

### 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनूपपुर।** अनूपपुर। केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर विद्यालय की प्रतिष्ठा के अनुरूप उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का परिणाम पुनः शत-प्रतिशत रहा। इस वर्ष उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में मान्या त्रिपाठी 96.2 प्रतिशत, अनमोल मिश्रा 95.4 प्रतिशत, श्रेया मिश्रा 92.6 प्रतिशत,शौर्य गर्ग 91.4 प्रतिशत,दीप्ति पाण्डेय 90.8 प्रतिशत शामिल हैं,जिन्होंने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष कुल 37 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। इसमें से 30 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं एवं 23 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

# बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान



जनकपुर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व महिलाएं।

**मनेन्द्रगढ़।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन के उद्देश्य से बाल विवाह मुक्त छग अभियान के तहत जनकपुर में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम एकीकृत बाल विकास परियोजना भरतपुर द्वारा कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्धारित कैंलेंडर अनुरूप संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह ने स्वयं उपस्थित होकर जनसमूह को संबोधित किया। थाना परिसर जनकपुर में उन्होंने बाल विवाह के खिलाफ कड़ा संदेश देते हुए कहा कि यह कुप्रथा न केवल बच्चों के अधिकारों का हनन करती है, बल्कि उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर भी गंभीर प्रभाव डालती है। उन्होंने समाज के हर वर्ग-जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों, युवाओं और प्रबुद्ध नागरिकों से मिलकर इस बुराई को जड़ से खत्म करने का आहन किया। सामुदायिक भवन जनकपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह के दुष्परिणाम, इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों तथा रोकथाम के प्रभावी उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष हीरालाल मौर्य एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता चौधरी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बाल विवाह रोकथाम में जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए समाज के सभी वर्गों से सक्रिय भागीदारी की अपील की।

## कई राज्यों के खिलाड़ी हुए शामिल, कुल 10 टीमों ने लिया भाग

# ऑल इंडिया वालीबॉल चैलेंजर्स टूनार्मेंट मैच का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

ऑल इंडिया वालीबॉल चैलेंजर्स टूर्नामेंट का फाईनल मैच पौराधार वॉलीबॉल ग्राउंड में 15 अप्रैल को संपन्न हुआ। समापन मैच का शुभारंभ मां सरस्वती के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

कार्यक्रम में महाप्रबंधक हसदेव क्षेत्र एसईसीएल मनोज विश्नोई, भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम,अध्यक्ष नगर परिषद एवं जिला योजना समिति के सदस्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया, हसदेव क्षेत्र श्रद्धा महिला समिति की अध्यक्ष डॉ. सरोज बाला विश्नोई एवं समिति के अन्य महिला पदाधिकारियों के





आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अन्य अतिथियों के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अनूपपुर बृजेश गौतम, नगर पालिका कोतमा अध्यक्ष अजय सर्राफ, नगर परिषद बनगवां अध्यक्ष यशवंत सिंह, नगर परिषद डोला अध्यक्ष सुरेश रेनू कोल, यशवंत सिंह अध्यक्ष नगर परिषद, बनगवा,थाना प्रभारी रामनगर सुमित कौशिक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डूमरकछार मनोहर बिंझवार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों का आयोजकर्ता, फ्रेंड्स यूनियन क्लब पौराधार एवं परिषद कर्मचारियों द्वारा तिलक वंदन, माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। ऑल इंडिया व्हालीबॉल चैलेंजर्स टूर्नामेंट का आयोजन फ्रेंड्स यूनियन क्लब पौराधार केतत्वाधान, नगर परिषद डूमरकछार एवं संधान ट्रस्ट के सहयोग से किया गया। 4 दिनो से चल रहे टूर्नामेंट में कुल 10 टीमो ने भाग लिया। जिसमे डब्लूसीआर रेलवे जबलपुर,नदीयाड एकैडमी गुजरात, जयपुर (राजस्थान) देहरादून ▶▶ शेष पेज 4 पर

# जिला अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ का चुनाव कार्यक्रम घोषित

**मनेन्द्रगढ़।** जिला अधिवक्ता संघ के आगामी चुनाव को लेकर निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

कार्यालय निर्वाचन अधिकारी, जिला अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ द्वारा जारी सूचना के अनुसार 13 अप्रैल को आयोजित बैठक में प्रस्ताव पारित करते हुए अशोक सिंह को निर्वाचन अधिकारी एवं जयवाले सिंह करायाम को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी कार्यक्रम के मुताबिक 17 अप्रैल को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन शाम 4 बजे किया जाएगा, इसके बाद 20 अप्रैल तक दोपहर 3 बजे तक मतदाता सूची पर दावा-आपत्ति प्रस्तुत की जा सकेगी। उसी दिन शाम 5 बजे अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया 21 अप्रैल से शुरू होकर 22 अप्रैल तक शाम 4 बजे तक चलेगी। 23 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच दोपहर 2 बजे तक की जाएगी और उसी दिन दोपहर 3 बजे उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित होगी।

**■ 2 मई को मतदान**

उम्मीदवार 25 अप्रैल तक दोपहर 3 बजे तक अपना नाम वापस ले सकेंगे, जबकि अंतिम सूची का प्रकाशन उसी दिन शाम 5 बजे किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 2 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान के बाद उसी दिन शाम 4 बजे से मतगणना शुरू होगी। निर्वाचन संबंधी सभी प्रक्रियाएं छग राज्य अधिवक्ता ▶▶ शेष पेज 4 पर


BRILLIANT PUBLIC SCHOOL
विद्या
तेषामादित्य वज्ज्ञानं प्रकाशयति तत्परम्
Wisdom for Universal Enlightenment
ESTD. 2001
Brilliant Public School
Igniting Wisdom
2001 25th 2025
BRILLIANT PUBLIC SCHOOL
Anniversary
SILVER JUBILEE
Success Is The Echo Of Diligence Reverberating Through The Halls Of Achievement
CBSE 10TH RESULT 2025-26
SNIGDHA MAJUMDAR 98.80%
GARGI GOSWAMI 98.60%
SHAURYA SAHU 98.40%
HARSHITA YADAV 97.60%
SIMRAN JIWNANI 97.20%
ANISHKA GUPTA 96.80%
ROUNAK SAHU 96.80%
SOUMIL SAHU 96.80%
HARSHEEN KAUR TUTEJA 96.60%
ARSH MISHRA 96.40%
NAITIK DAYALANI 96.00%
UTKARSH SINHA 96.00%
AADITA KAUSHIK 95.80%
ROSHNI MANGTANI 95.80%
AKSHAT SHRIVASTAVA 95.60%
DARSHNI GOSWAMI 94.40%
JASLEEN KAUR HORA 95.40%
PAVNI MISHRA 95.00%
SHREETI JAISWAL 95.00%
SHAMBHAVI SINGH 94.80%
AKSHAT PHULESAR 94.40%
DARSHNA TOLANI 94.40%
GARGI MISHRA 94.40%
AAHANA AGRAWAL 94.00%
AAKRITI SINGH 94.00%
ARADHYA KAUSHIK 94.00%
SHREYASH SHARMA 94.00%
VANSH NIKHAR 94.00%
SHAURYA NARAYAN PANDEY 93.80%
VAIDIK SONTHALIA 93.80%
VARTIKA DUBEY 93.40%
MAYANK RAGHAV 93.40%
ISHITA PRASAD 93.20%
NIMRIT KAUR HORA 93.00%
SPARSH GARG 93.00%
AKSHATA DWIVEDI 92.60%
DHANYA YASHSHAWI KSHATRIYA 92.60%
KANAK KUMBHARE 92.40%
NAVAL SINGH SALUJA 92.40%
AARUSH KUNWAR 92.20%
JIYA CHAWLA 92.20%
MAYANK BARMAN 92.20%
MIHIR KUMAR DUBEY 92.20%
AKSHIT RAJ 92.00%
ATHARV AZAD 92.00%
BHAVYA CHOPDA 91.80%
MANNAT CHANDNANI 91.40%
SOUMYA AGRAWAL 91.40%
NAIVEADYA SHARMA 91.20%
VEDARSH GARG 91.20%
AKSHITA DWIVEDI 91.00%
SHRINKHALLA ADHISHREE YADAV 91.00%
ADITI AGRAWAL 90.80%
VANSH HARYANI 90.60%
AMBAR SINGH 90.20%
ATHARVA KASHYAP 90.20%
P ISHITA 90.20%
TWINKLE NETAM 90.20%
& Many more....
90%+ 58 STUDENTS | 85-90% - 44 STUDENTS | 80-85% - 36 STUDENTS
BRILLIANT SALUTES ITS ANGELS.
ADMISSIONS OPEN FOR SESSION 2026-27
BILASPUR | KORBA | AMBIKAPUR | MUNGELI
OPENING SOON
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप



### सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** जिले में सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से भारत सरकार द्वारा जारी राजपत्र में जातिगत जनगणना अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अलग से कॉलम का प्रावधान नहीं होने पर गहरी आपत्ति जताई गई। ज्ञापन में बताया गया है कि देश की एक बड़ी आबादी ओबीसी वर्ग से आती है, फिर भी जनगणना प्रक्रिया में इस वर्ग की स्पष्ट गणना नहीं होना सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने मांग की कि आगामी जनगणना में ओबीसी वर्ग के लिए पृथक कॉलम अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए ताकि उनकी वास्तविक जनसंख्या का आकलन हो सके और उन्हें उनके अधिकारों के अनुरूप योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रतिनिधियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जनगणना के कॉलम में ओबीसी का समुचित उल्लेख नहीं किया गया, तो सर्व समाज द्वारा चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। इसी कड़ी में 26 अप्रैल को रेल रोको आंदोलन भी किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं वर्गों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### बाल दंत चिकित्सा विषय पर एक सतत दंत शिक्षा कार्यक्रम



**अम्बिकापुर।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन अंबिकापुर शाखा द्वारा बाल दंत चिकित्सा विषय पर एक महत्वपूर्ण सतत दंत शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुंबई के प्रख्यात विशेषज्ञ डॉ. मिलिंद एल शाह ने बाल दंत चिकित्सा के आधुनिक उपचार, नवीन तकनीकों एवं बच्चों के मौखिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया।उन्होंने बच्चों के दांतों के कई रोगों का विस्तृत विवरण कर उसके इलाज के लिए उपयोग होने वाले नवीनतम पद्धतियों से, दंत चिकित्सकों को अवगत कराया। इसके साथ साथ डॉक्टरों के लिए बायोफ्लेक्स क्राउन और स्पेस मेंटेनर का वर्कशॉप भी रखा गया था। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय शशि, सचिव डॉ. विवेक सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष डॉ. अभय शुक्ला के अलावा जिले से बड़ी संख्या में दंत चिकित्सक मौजूद रहे।

### अक्षय तृतीय पर बाल विवाह रोकने जिला प्रशासन सख्त

**बैकुण्ठपुर।** जिले को बाल विवाह मुक्त बनाए जाने के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह रोकने के लिए जिला प्रशासन ने अभियान को गति दी है। सभी विभागों को अभियान की रणनीति के साथ विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। जिले में अक्षय तृतीय के मौके पर बड़ी तादाद में बाल विवाह होने की संभावना रहती हैं। हालांकि लगातार निगरानी और सतर्कता के बाद इसमें कमी आई है। जिले ने 19 अप्रैल को अक्षय तृतीय के मद्देनजर बाल विवाह की आशंकाओं के तहत विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए हैं। विभाग के निर्देशों के बाद विभागीय अमला फील्ड में निगरानी कर रहा है। बाल विवाह में कमी लाने के लिए विभाग द्वारा विद्यालय, महाविद्यालय, पंचायत, नगरी निकाय, धार्मिक स्थल स्तर पर जन जनगरूकता अभियान चलाया गया। समाज प्रमुखों को बाल विवाह न होने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए साथ ही समाज में बाल विवाह न हो इसके लिए सभी समाज प्रमुखों को अपने स्तर पर समाजिक बैठक लेकर बाल विवाह रोकने में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया गया।

## सालों पुरानी परंपरा को निभाने उमड़ी किसानों की भीड़

# किसानों ने मंदिर की परिक्रमा कर हल चलाकर की 5 मुट्ठी धान की बुवाई, मनाया कठोरी पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

छत्तीसगढ़ अपनी प्राकृतिक सौंदर्यता और सालों पुरानी अनूठी परंपरा आज भी ग्रामीण क्षेत्र में किसान पूरे विधि विधान पूर्वक मनाते है। कुंवरपुर के किसानों ने सालों पुराने कठोरी पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया। कुंवरपुर के किसानों ने पहले मंदिर की परिक्रमा किया फिर हल चलाकर 5 मुठ्ठी धान की बुवाई कर मनाया कठोरी पर्व मनाया। सालों पुरानी परंपरा को निभाने बड़ी संख्या में किसानों की भीड़ मंदिर में उमड़ी।

**खास बातें**
- विधि विधान पूर्वक की पूजा अर्चना
- किसान करते हैं भगवान को मनाने की कोशिश

सरगुजा जिले में अच्छी बारिश होने और फसल की पैदावार होने की कामना के साथ गांव में रोग, समस्या, दरिद्रता को दूर भगाने के लिए किसान हर साल कठोरी पर्व धूमधाम से मनाते है। इस साल भी ग्राम पंचायत कुंवरपुर में शिव मंदिर प्रांगण में कुंवरपुर सहित आसपास गांव के बड़ी संख्या में किसान कठोती पूर्व मनाने एकत्र हुए। किसानों पर पहले मंदिर की 7 बार परिक्रमा की फिर हल चलाकर 5 मुट्ठी धान की बुआई की जिसके बाद किसानों ने कठोरी पर्व धूमधाम से मनाया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और अच्छी फसल के लिए पूजा स्थल पर ही 5-5 मुट्ठी धान बोकर खेती की शुरुआत की। किसानों की लंबे समय से चली आ रही परंपरा को कायम रखते हुए देवताओं को प्रसन्न करने के लिए नारियल फोड़कर पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान गांव के बैगा आलम साय, सूरज प्रसाद, सरपंच प्रतिनिधि हेमराज सिंह, अलावा पप्पू सारथी, भारत पटेल, सुब्रन प्रधान सहित गांव के बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



पूजा-अर्चना करते किसाना।

### किसान करते हैं भगवान को मनाने की कोशिश

कठोरी पर्व का किसानों को बेसब्री से इंतजार रहता है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान इसे पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ मनाते हैं। इस पर्व पर किसान अच्छी बारिश और अच्छी फसल के लिए पूजा अर्चना करते हैं और पूरे विधि- विधान से पूजा अर्चना कर भगवान को मनाने की कोशिश करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि परंपरा के अनुसार स्थानीय महादेव मंदिर परिसर में दोपहर के बाद ग्रामीण एकत्र हुए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई. ग्रामीणों के मुताबिक इस मौके पर किसान अपने साथ थाली में नारियल, घर का बनी रोटी, हल के लोहे लाते हैं।

#### पर्व पर निभाई जाती है ये परंपरा

पर्व को मनाने किसान हल में लगने वाले लोहे के साथ हल चलाते समय बैलों को हांकने वाला पैना साथ लाया जाता है। धान की बुवाई कर अच्छे फसल की कामना की जाती है। दंडित कठोरी होने के बाद नए घड़े में या दूसरे बर्तन में पूजा किए हुए पानी को घर-घर ले जाकर बांटा जाता है। इसके बाद इस पानी को घर के भीतर छिड़कने के बाद ही घरों में हैंडपंप से पानी भरा जाता है।

#### तालाब, कुएं से पानी भरना माना जाता है अशुभ

ग्रामीणों ने बताया कि कठोरी पर्व के दिन ग्रामीण कुआं, तालाब, नल, हैंडपंप और अन्य जलाशयों से पानी नहीं भरते. कठोरी पर्व से एक दिन पहले या रात में ही आवश्यकता अनुसार ग्रामीणों द्वारा पहले दिन पानी भर लिया जाता है। कठोरी के दिन तक जमीन की खुदाई भी नहीं की जाती है।



## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने निकाली स्कूटी रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में और महिलाओं के सम्मान व देश निर्माण में उनकी भागीदारी को सशक्त करने के उद्देश्य से जिले में भव्य नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े के नेतृत्व में महंगवा चौक से शिवपार्क तक विशाल महिला स्कूटी रैली निकाली गई, जिसमें बडी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करना एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को केवल प्रतिनिधित्व ही नहीं, बल्कि निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी देकर राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को और मजबूत करेगा। आज की नारी केवल परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज, शासन और राष्ट्र निर्माण की सशक्त धुरी बन चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि महिलाएं हमेशा से सशक्त रही हैं, लेकिन उन्हें उनके अधिकारों से वंचित रखा गया। अब महिलाएं अपने अधिकारों के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं, जिसमें पुरुष समाज का सहयोग भी सराहनीय है। कार्यक्रम में किशोर न्याय बोर्ड की महिला कर्मी एवं ब्रह्माकुमारी संस्था की दीदी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से शासन अधिक समावेशी, संवेदनशील और प्रभावी बनेगा, जिससे सामाजिक न्याय और समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष रेखा लाल रजवाड़े, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, जिला पंचायत सदस्य, नगर पालिका उपाध्यक्ष सहित स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, एनआरएलएम से जुड़ी महिलाएं एवं विभिन्न संगठनों की महिलाएं उपस्थिति रही।

## कुरीतियों को दूर कर समानता का भाव लाने वाले युग पुरूष थे डॉ.अम्बेडकर : रामकिशुन

**अम्बिकापुर।** प्रदेश भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के आह्वान पर जिला संयोजक रविन्द्र गुप्ता भारती के नेतृत्व में डॉ.अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर समरसता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने समाज के प्रबुद्धजनों व बच्चों को सम्मानित करने के साथ ही उन्हें संबोधित किया। डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती के मौके पर 135 दीपों को प्रज्वलित कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर छोटे बच्चों द्वारा डॉ.अम्बेडकर की जीवनी पर अपने विचार रखे गये।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरगुजा सहकारी बैंक के अध्यक्ष रामकिशुन सिंह ने कहा कि बाबा साहेब युग पुरूष थे जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों एवं आपसी भेदभाव को दूर कर सभी को समानता का अधिकार दिलाने का काम किया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ननि के पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा ने कहा कि संविधान रचयिता बाबा साहेब ने अंतिम व्यक्ति को न्याय दिलाकर उन्हें समाज के मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया। ननि के सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा कि बाबा साहेब के अकल्पनीय एवं दूरदृष्टि सोच से संविधान का निर्माण हुआ जिसमें सभी वर्गो का अधिकार सुरक्षित किया गया। भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा कि जाति-पांति की विषमताओं को दूर करने एवं देश के सशक्त बनाने में बाबा साहेब की भूमिका अमर रहेगी। झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रविन्द्र गुप्त भारती ने कहा जीवन का मूल ही संविधान है जो सभी वर्गों को उनके मौलिक जीवन के कर्तव्यों का अधिकार देता है। इस मौके पर जिला महामंत्री अरूणा सिंह एंव विकेश केशरी ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर पार्षदगण श्रीमती श्वेता गुप्ता, ममता तिवारी, अनिता रविंद्र गुप्त, शैलेष सिंह, शशिकांत जायसवाल, मधु चौदहा सहित अन्य उपस्थित थे।

## एनएसयूआई ने हर्षोल्लास से मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

**प्रतापपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एनएसयूआई द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन एनएसयूआई जिला सचिव गोल्डी खान के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार तथा ब्लॉक अध्यक्ष रिजवान के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।



कार्यक्रम अंतर्गत कन्या आश्रम खोरमा एवं कन्या छात्रावास में छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ मिलकर बाबा साहेब की जयंती बड़े उत्साह, श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस दौरान बाबा साहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर एनएसयूआई जिला सचिव गोल्डी खान ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब ने विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया और अपने अथक प्रयासों से समाज में समानता, न्याय और अधिकारों की स्थापना की। गोल्डी खान ने कहा कि यदि जीवन में आगे बढ़ना है तो शिक्षा को प्राथमिकता देना बेहद आवश्यक है और बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु कलम एवं कॉपी भेंट की गई। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुन्नु सिंह धुर्वे, साहेबानी कुजूर, उपासना यादव, अनिमा बखला, अर्चना शोभा मिंज,विनय तिवारी,नईम अंसारी, राजकुमार सिंह, राजा हसन, अयान अंसारी, संजय, चांदनी, नीता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंबेडकर की जयंती पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**रामानुजगंज।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मद्देनजर नगर पालिका परिषद द्वारा अंबेडकर पार्क में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुबह अंबेडकर पार्क में नगर पालिका परिषद द्वारा स्थापित धातु प्रतिमा की सफाई करते हुए आसपास के क्षेत्रों में पेड़ों की आंशिक छटाई करते हुए घास फूस एवं कचरे को इकट्ठा करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया गया।

स्वच्छता अभियान में नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल सहित पार्षद, नगरवासी, अधिकारी-कर्मचारी, सफाई मित्र और स्वच्छता दीदियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहब का जीवन समानता और सेवा का संदेश देता है, और नगर को स्वच्छ रखना एवं सबके साथ सबका विश्वास और सबका विकास के मंत्र को अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। सफाई अभियान के बाद अध्यक्ष रमन अग्रवाल सहित पार्षदों जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने शिक्षा, छुआछूत उन्मूलन और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में डॉ. अंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान सुरेश दास पुरी, विजय रावत, अर्जुन दास, रूपवंती जायसवाल, उषा गुप्ता, सुभाष केसरी, अरुण केसरी, शैलेश गुप्ता, अशोक जायसवाल, मोहन गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता, मुकेश जायसवाल, प्रमोद कश्यप, ओम ठाकुर, अशोक केसरी, अजय केसरी, अनूप कश्यप, अंकित गुप्ता, ओम गुप्ता, चंदन गुप्ता, सुरेन्द्र चंद्रवंशी के अलावा मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर कुमार, प्रकाश रंजन, जगन्नाथ गुप्ता, जगदीस राम, विनोद केसरी, प्रवीण कुमार, रोहित कश्यप, आशीष गुप्ता, निशांत गुप्ता,विजय दास सहित कर्मचारी, सफाई मित्र और स्वच्छता दीदियां मौजूद रहीं।



### सामुदायिक भवन में मनाया गया बाबा साहब की जयंती

**राजपुर।** संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर का जयंती नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 6 के सामुदायिक गोंड भवन में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन पार्षद विशवास गुप्ता एवं आभार अनिल भारती ने किया। इस दौरान मुन्ना लाल चौधरी, संतोष सिंह, सुरेश सोनी, विजय खुसरो, पारस आयाम, मनीष सिंह, मुन्ना गुप्ता, मो. इकबाल, रंजीत बड़ा, सोमनाथ शर्मा, अनिल खलखो, जगदीश मराबी, आदित्य, विभु जायसवाल, जोसंत केरकट्टा, खेरवार राम शांडिल्य, कामेश्वर बेक, ललन तिग्गा, हेरमन मुर्म सहित अन्य मौजूद रहे।



### जयंती पर याद किए गए डॉ अम्बेडकर,किया माल्यार्पण

**अम्बिकापुर।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन और पेंशन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वधान में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस पर अंबेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।इस दौरान हरिशंकर सिंह, जिला संयोजक कमलेश सोनी,अमित वर्मा,जे पी चौबे, कृष्णा तिवारी आदि उपस्थित रहे।उपस्थित लोगों ने डॉ आंबेडकर के योगदान को स्मरण किया।

# छग लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के निर्विरोध प्रांताध्यक्ष बने संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के संपन्न हुए चुनाव में संजय सिंह को निर्विरोध प्रांताध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर संघ के चुने गए पदाधिकारियों एवं सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। विगत 12 अप्रैल को जनपद पंचायत कार्यालय अम्बिकापुर के प्रांगण में छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन सम्पन्न हुआ। मनोज सिन्हा, निर्वाचन अधिकारी एवं श्यामलाल सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए गए। निर्वाचन अधिकारी के द्वारा 2 अप्रैल को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया था।



निर्वाचन एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी के द्वारा विधिवत 12 अप्रैल को उम्मीदवारों से नामांकन पत्र प्रस्तुत करने एवं नाम वापसी हेतु समय निर्धारित किया गया था। जिसमें प्रांताध्यक्ष पद हेतु सभी जिलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रान्ताध्यक्ष पद हेतु नामांकन पत्र संजय सिंह, सहायक ग्रेड-02 संचालनालय कृषि रायपुर एवं शिवाजी यादव, सहायक ग्रेड-03 शा.उ.मा. विद्यालय उसरौट जिला रायगढ़ तथा सत्येन्द्र सिन्हा, लेखापाल कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास अम्बिकापुर के द्वारा प्रस्तुत किया गया। नामांकन पत्र प्राप्त होने के पश्चात निर्वाचन एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी के द्वारा निर्धारित समयावधि 10.15 बजे प्राप्त नामांकन पत्रों की सूक्ष्मता से जांच की गई जिसमें तीनों नामांकन सही पाया गया। नामांकन पत्र वापसी के निर्धारित समयावधि में 10 बजकर 25 मिनट पर शिवाजी यादव एवं सत्येन्द्र सिन्हा लेखापाल के द्वारा अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया गया। जिसके बाद निर्वाचन अधिकारी मनोज सिन्हा एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी श्यामलाल सिंह के द्वारा संजय सिंह को छ.ग.लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ का निर्विरोध प्रांताध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के निर्वाचन में प्रान्तीय संरक्षक कौशलेन्द्र पाण्डेय, छ.ग. के प्रथम प्रान्ताध्यक्ष रहे व्ही.एम.दीक्षित, श्रीमती वंदना त्रिपाठी, प्रातांध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मनोज पाण्डेय, वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्ष, मो.जाहिद खान, उप प्रांताध्यक्ष ओमप्रकाश पाण्डेय उप प्रांताध्यक्ष, सुशील टोप्पो प्रांतीय महामंत्री, प्रमोद सिंह प्रांतीय महामंत्री, महामंत्री, सभी जिलों के अध्यक्ष, प्रांतीय व संभागीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी, तहसील/विकास खण्ड के अध्यक्ष, एवं सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। जिला-सरगुजा अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के द्वारा संजय सिंह प्रान्त अध्यक्ष, एवं प्रांतीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शाल, श्रीफल, एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही छ.ग. लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ सरगुजा द्वारा प्रान्तीय सम्मेलन में जिले के गौरवमयी एवं निष्ठापूर्वक शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए 57 लिपिक साथियों को सम्मानित करने के लिए सेवानिवृत्ति समारोह एवं प्रीतिभोज का आयोजन 12 अप्रैल को दोपहर 01 बजे जनपद पंचायत कार्यालय अम्बिकापुर में आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में 57 सेवानिवृत्त लिपिक कर्मचारियों को माल्यार्पण कर शाल, श्रीफल, एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दुर्गा सिन्हा अध्यक्ष, मनोज सिन्हा प्रांतीय सचिव, ओम प्रकाश पाण्डेय उपप्रान्ताध्यक्ष, संतोष मिश्रा अध्यक्ष बलरामपुर, प्रेमनाथ सिंह जिला कोषाध्यक्ष, भरत पाण्डेय कार्यालय सचिव, पार्थ भट्टाचार्य तहसील अध्यक्ष अम्बिकापुर, शैलेन्द्र मिश्रा, तहसील सचिव सत्येंद्र सिन्हा, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य, रमा यादव अध्यक्ष राजस्व लिपिक संघ श्यामलाल सिंह कार्यकारी अध्यक्ष, दिलीप मेहता, उपाध्यक्ष, दिलीप भट्टाचार्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपक खुंटे सचिव, शैलेन्द्र कयप, अनूप ताम्रकार सहित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का योगदान रहा, मंच का संचालन सत्येन्द्र सिन्हा के द्वारा किया गया।

### जयंती पर सर्व आदिवासी समाज ने निकाली रैली

**लखनपुर।** संविधान के रचयिता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के रघुवीर सूर्यवंशी, बनवारी आर्मो, सुखसाय पोर्ते, सोमारसाय के नेतृत्व में लखनपुर साक्षरता मिनी स्टेडियम में वृहद स्तर पर गाजे बाजे के साथ नगर में रैली निकाली गई। नगर पंचायत लखनपुर के वार्ड क्रमांक 15 में अंबेडकर चौक का भूमिपूजन किया। इस अवसर दोनों ही कार्यक्रम में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। सर्व आदिवासी समाज ने गाजे बाजे के साथ लखनपुर साक्षरता मिनी स्टेडियम से रैली निकाल स्थानीय आंबेडकर चौक पहुंचा। अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उन्हें याद करते हुए उनके बताए हुए मार्गों पर चलने के लिए उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया। रैली का जगह-जगह स्वागत कर रैली में शामिल लोगों के लिए मुस्लिम समाज द्वारा नाश्ता और पानी का प्रबंध किया गया था। भूमिपूजन के कार्यक्रम में दिनेश साहू, विनोद हर्ष, नकुल सोनकर, दिनेश बारी,अमित अग्रवाल, सचिन बंसल, महेश्वर राजवाड़े, राहुल अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, दीपक सारथी, अमित बारी, रघुवीर, राजन, सोमर साय बरवा सहित सभी समाज के लोग मौजूद रहे।



### लक्ष्य शिक्षण संस्थान में बाबासाहेब की जयंती विविध कार्यक्रम

**शंकरगढ़।** लक्ष्य शिक्षण संस्थान बचवार में भारतीय संविधान के निर्माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती अत्यंत हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने बाबासाहेब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के संचालक ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब ने शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति के सशक्तिकरण का सबसे बड़ा हथियार माना था। जयंती के उपलक्ष्य में संस्थान में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान देवंदन पन्ना, रतु पैकरा, सरिता यादव, हिमांशु, हिमाचल, प्रियांशु, सूर्यकांत, रिफत, प्रतिभा, प्रांजल यादव, देवनारायण, सचिन, नीरज, रंजीत, रोहित, प्रीतम, सेजल यादव, कुनाल गुप्ता, महक, विनम, मनीष प्रताप, अमरदीप, सोहन, रोशन, सतपाल, दीपक सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



